Hindi Mahavidyalaya

(Autonomous and NAAC – Reaccredited)
Nallakunta, Hyderabad – 44

Department of Hindi

Syllabus
Minutes of BOS meetings
2016-17

Modern Language Hindi
(B.A. I year)

Scanned with OKEN Scanner

HINDI MAHAVIDYALAYA

(Autonomous & NAAC - reaccredited)
Nallakunta, Hyderabad-44
2016-2017
DEPARTMENT OF HINDI
MODERN LANGUAGE HINDI
B.A. I Year
SEMESTER-I / PAPER –I
(कहानियाँ, रेखाचित्र और नाटक)

SYLLABUS

गद्य : पाठ्य पुस्तक	:	गद्य फुलवारी
कार्यकारी संपादक	:	डॉ. रमेश कुमार जैन
कार्यकारी संपादक	:	राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली-6
पाठ का नाम	:	लेखक का नाम
Unit – I		
(कहानियाँ)		
1. आँसुओं की होली	:	प्रेमचंद
2. ममता	:	जयशंकर प्रसाद
Unit – II		
3. आतिथ्य	:	यशपाल
4. मवाली	:	मोहन राकेश
Unit – III		
5. चीफ की दावत	:	भीष्म साहनी
6. अकेली	:	मन्नू भंडारी
7. भाभी	:	महादेवी वर्मा
Unit – IV		
8. आषाढ का एक दिन (संदर्भ सहित व्याख्या)	:	मोहन राकेश
Unit – IV		
9. आषाढ़ का एक दिन (प्रश्न एवं चरित्र-चित्रण)	:	मोहन राकेश

Chairman
Board of Studies
Dr. Prabhakar Tripathi

Member
Professor Sheela Mishra

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

OU Nominee
Professor Shubhada Vanjape

Principal
Smt. Jyoti Hastak
Hindi Mahavidyalaya

Scanned with OKEN Scanner

HINDI MAHAVIDYALAYA

(Autonomous & NAAC - reaccredited)
Nallakunta, Hyderabad-44
2016-2017
DEPARTMENT OF HINDI
B.A. I Year
SEMESTER-I / Paper –I
Subject : Modern Language Hindi
Model Question Paper

Time : 3 hr. Max. Marks : 80

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए: **(10X 2 =20M)**

1) चंपा कौन है और वह अपने पति से पुरस्कार स्वरूप क्या माँगती है ?
2) ममता के पिता का नाम लिखते हुए बताइये कि उनको ममता की चिंता क्यों थी?
3) पहाड़ी परिवार ने रामशरण की सेवा किस प्रकार की थी?
4) 'भाभी' रेखाचित्र के आधार पर भारतीय विधवाओं के जीवन पर अपने विचार लिखिए।
5) शामनाथ अपने अधिकारी की दृष्टि से माँ को क्यों छिपाये रखना चाहता था?
6) अंबिका कालिदास पर क्यों विश्वास नहीं करती थी ?
7) राजकवि बनने के पश्चात् 'कालिदास' में क्या-क्या परिवर्तन आये थे?
8) 'मल्लिका' के चरित्र से संबंधित किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।
9) कालिदास अंतत: किसके पास लौटता है और क्यों ?
10) 'अंबिका' और 'प्रियंगुमंजरी' में कौन श्रेष्ठ है और क्यों ?

II. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए :- **(5X12=60M)**

11) (क) 'आँसुओं की होली' कहानी का सार लिखते हुए मनहर के चरित्र पर टिप्पणी कीजिए।

अथवा

(ख) 'ममता' कहानी का सारांश लिखिये।

12) (ग) 'आतिथ्य' कहानी में रामशरण को अपनी यात्रा में क्या-क्या अनुभव होते हैं?

अथवा

(घ) 'मवाली' कथित लड़के के जीवन तथा उसके साथ हुए व्यवहार पर टिप्पणी कीजिये।

13) (क) 'चीफ की दावत' कहानी के आधार पर शामनाथ के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त कीजिये।

अथवा

(ख) 'सोमा बुआ' तथा उसके पति के सामाजिक दृष्टिकोण में क्या अंतर था-स्पष्ट कीजिये।

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

Scanned with OKEN Scanner

14) निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (2X6=12M)

(क) तुम उनके प्रति सदा अनुदार रही हो, माँ ! तुम जानती हो, उनका जीवन परिस्थितियों की कैसी विडम्बना में बीता है।

अथवा

(ख) मैं इस समय अपना तुम्हारे पास होना बहुत आवश्यक समझता हूँ, अम्बिका। मैं ये सब बातें तुमसे नहीं, उससे कहने आया हूँ।

(ग) नहीं, बैठना नहीं चाहती। तुम्हें और तुम्हारे घर को देखना चाहती हूँ। उन्होंने बहुत बार इस घर की ओर चर्चा की है।

अथवा

(घ) इस जीव को देखते हो पहचान सकते हो यह मल्लिका है जो धीरे-धीरे बड़ी हो रही है और माँ के स्थान पर अब मैं इसकी देखभाल करती हूँ।

15) निम्नलिखित पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए। (2X6=12M)

(क) कालिदास अथवा मल्लिका

(ख) प्रियंगुमंजरी अथवा विलोम

Chairman
Board of Studies
Dr. Prabhakar Tripathi

Member
Professor Sheela Mishra

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

OU Nominee
Professor Shubhada Vanjape

Principal
Smt. Jyoti Hastak
Hindi Mahavidyalaya

Scanned with OKEN Scanner

14) निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (2X6=12M)

(क) तुम उनके प्रति सदा अनुदार रही हो, माँ ! तुम जानती हो, उनका जीवन परिस्थितियों की कैसी विडम्बना में बीता है।

अथवा

(ख) मैं इस समय अपना तुम्हारे पास होना बहुत आवश्यक समझता हूँ, मल्लिका। मैं वे सब बातें तुमसे नहीं, उससे कहने आया हूँ।

(ग) नहीं, बैठना नहीं चाहती। तुम्हें और तुम्हारे घर को देखना चाहती हूँ। उन्होंने बहुत बार इस घर की ओर चर्चा की है।

अथवा

(घ) इस जीव को देखते ही पहचान सकते हो यह मल्लिका है जो धीरे-धीरे बड़ी हो रही है और माँ के स्थान पर अब मैं इसकी देखभाल करती हूँ।

15) निम्नलिखित पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए। (2X6=12M)

(क) कालिदास	अथवा	मल्लिका
(ख) प्रियंगुमंजरी	अथवा	विलोम

Chairman
Board of Studies
Dr. Prabhakar Tripathi

OU Nominee
Professor Shubhada Vanjape

Member
Professor Sheela Mishra

Principal
Smt. Jyoti Hastak
Hindi Mahavidyalaya

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

HINDI MAHAVIDYALAYA

(Autonomous & NAAC - reaccredited)
Nallakunta, Hyderabad-44
2016-2017
DEPARTMENT OF HINDI
MODERN LANGUAGE HINDI
B.A. I Year
SEMESTER-II / PAPER –II
(व्यंग्य, संस्मरण, एकांकी, निबंध, यात्रा वर्णन और उपन्यास)
SYLLABUS

गद्य : पाठ्य पुस्तक	:	गद्य फुलवारी
कार्यकारी संपादक	:	डॉ. रमेश कुमार जैन
प्रकाशक	:	राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली-6
पाठ का नाम	:	लेखक का नाम

Unit – I

1. सदाचार का तावीज	:	हरिशंकर परसाई
2. एक बड़े अस्पताल के बारे में	:	रवीन्द्र त्यागी

Unit – II

3. आवाज का नीलाम	:	धर्मवीर भारती
4. गपशप	:	नामवर सिंह

Unit – III

5. मैं धोबी हूँ	:	शिवपूजन सहाय
6. जमनोत्री की यात्रा	:	विष्णु प्रभाकर

Unit – IV

8. संस्मरण : परिभाषा एवं विशेषता
9. व्यंग्य : परिभाषा एवं विशेषता
10. उपन्यास के तत्व
11. एकांकी एवं कहानी में अंतर

Unit – V

12. आश्रितों का विद्रोह	:	नरेंद्र कोहली

Chairman
Board of Studies
Dr. Prabhakar Tripathi

Member
Professor Sheela Mishra

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

OU Nominee
Professor Shubhada Vanjape

Principal
Smt. Jyoti Hastak
Hindi Mahavidyalaya

Scanned with OKEN Scanner

HINDI MAHAVIDYALAYA

(Autonomous & NAAC - reaccredited)
Nallakunta, Hyderabad-44
2016-2017
DEPARTMENT OF HINDI
B.A. I Year
SEMESTER-II / Paper - II
Subject : Modern Language Hindi

Time : 3 hrs. Max. Marks : 80

I. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। (10X 2=20M)

1) अपने देश में भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतु अन्ततः राजा क्या करता है?
2) क्या राजा का उपाय वास्तव में सफल हो पाया था ?
3) सरकारी और निजी अस्पतालों पर लेखक ने क्या टिप्पणी की है?
4) महात्मा गाँधी के चरित्र से संबंधित किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
5) दिवाकर कौन था और वह किन कारणों से अपना अखबार बेचना चाहता था?
6) 'गपशप' पाठ के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है?
7) 'आश्रितों का विद्रोह' उपन्यास में कौन, किसके विरुद्ध विद्रोह करता है और क्यों ?
8) देश की जनता पठित उपन्यास में किन-किन वस्तुओं का उपयोग करना बंद कर देती है और क्यों?
9) 'आश्रितों का विद्रोह' उपन्यास के अंत में सरकार द्वारा लिए गये निर्णय से आप कहाँ तक सहमत हैं?
10) पठित उपन्यास के आधार पर देश की सरकार तथा प्रशासन प्रणाली पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

II. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिये :- (5 X 12 =60M)

11) निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिये।

(क) 'राजा को यह सुझाव पसंद आया। साधू को ताबीज बनाने का ठेका दे दिया गया।'

अथवा

(ख) 'इस ऐतिहासिक अस्पताल में कोई दवा कभी नहीं मिलती। लाखों रुपयों की मशीनें होने के बावजूद एक्स रे से लेकर टोड टेस्ट तक सारे पैथोलॉजिकल टेस्ट प्राइवेट डॉक्टरों के यहाँ ही कराने पड़ते हैं।'

12) (ग) 'महात्मा गाँधी के नाम का ऐसा जादू था कि मैंने गाँव-गाँव जाकर खद्दर बेचा, प्रभात फेरियों में जाकर गीत गाये, चर्खा चलाया।'

अथवा

(घ) 'नहीं, मैं समझता हूँ महीने भर से मेरी पत्नी की बीमारी पर आपने पानी की तरह रुपया बहाया है।'

(क) पठित व्यंग्य 'एक बड़े अस्पताल के बारे में' के आधार पर देश के अस्पतालों तथा डॉक्टरों के संबंध में अपना मत प्रकट कीजिए।

अथवा

(ख) 'गपशप' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

Scanned with OKEN Scanner

13) निम्नलिखित की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। (2X6=12M)

(क) 'मैं धोबी हूँ' पाठ का सारांश लिखिए।

अथवा

(ख) 'जमनोत्री की यात्रा' में लेखक को किस प्रकार की कठिनाइयों एवं कष्टों का सामना करना पड़ा।

14) निम्नलिखित की परिभाषा एवं विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (2X6=12M)

(क) व्यंग्य अथवा संस्मरण

(ख) उपन्यास अथवा एकांकी

15) (क) 'आश्रितो का विद्रोह' उपन्यास का सारांश लिखते हुए उसमें उठाई गई विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

(ख) पठित उपन्यास को केंद्र में रखकर बताइए कि देश की जनता अपनी सरकार से वस्तुतः किस प्रकार की अपेक्षाएँ रखती है ?

Chairman
Board of Studies
Dr. Prabhakar Tripathi

Member
Professor Sheela Mishra

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

OU Nominee
Professor Shubhada Vanjape

Principal
Smt. Jyoti Hastak
Hindi Mahavidyalaya

Scanned with OKEN Scanner

हिंदी महाविद्यालय

(स्वायत्त एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् - प्रत्यायित)

नल्लाकुंटा, हैदराबाद-44

हिन्दी विभाग के पाठ्यक्रम बोर्ड की बैठक

कार्यवृत्त

हिंदी महाविद्यालय के हिंदी विभाग के पाठ्यक्रम बोर्ड की बैठक दिनांक 5 अक्तूबर 2016 को 11.00 बजे संपन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे।

1) डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी	अध्यक्ष-पाठ्यक्रम बोर्ड
2) प्रो. शुभदा वांजपे	उस्मानिया विश्वविद्यालय प्रतिनिधि
3) प्रो. शीला मिश्र	सदस्य
4) डॉ. रजनी धारी	सदस्य
5) डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह	सदस्य
6) डॉ. बिजय कुमार प्रसाद	सदस्य
7) डॉ. सितारे हिन्द	सदस्य
8) डॉ. सुषमा द्विवेदी	पूर्व छात्र

बैठक में संस्थागत पाठ्यक्रम बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तावित एवं अनुशंसित तथा उससे संबद्ध महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। डॉ. त्रिपाठी ने यह सूचना भी दी कि वर्ष 2016-17 से केवल स्वायत्त महाविद्यालयों में ही नहीं वरन् सर्वत्र सेमेस्टर प्रणाली आचरण में लायी जायेगी। इस क्रम में उच्च शिक्षा परिषद तथा उस्मानिया विश्वविद्यालय के प्रयत्नों से सभी संकायों के विद्यमान पाठ्यक्रम पर पुनर्विचार किया गया तथा नये सुझावों के आलोक में नई पुस्तकों का निर्माण किया गया। इस भूमिका के पश्चात् डॉ. त्रिपाठी ने सदस्यों को द्वितीय भाषा हिंदी प्रथम वर्ष के निमित्त विशेष रूप से प्रकाशित गद्य दर्पण तथा कथा सिंधु-शीर्षकीय पुस्तकों का उल्लेख किया। उन्होंने सदस्यों को बताया कि यह पुस्तक विद्वान प्राध्यापकों के सम्मिलित प्रयत्नों का प्रतिफल है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि महाविद्यालय का हिंदी विभाग इस प्रयत्न की स्तुति करता है तथा बिना किसी परिवर्तन के दोनों सेमेस्टरों के लिए उस्मानिया विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पाठ्यक्रम बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम तथा किंचित् परिवर्तन के साथ प्रश्नपत्र के प्रारूप को भी स्वीकार करता है।

बैठक में ऐच्छिक हिंदी के पाठ्यक्रम पर भी विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. त्रिपाठी ने जानकारी दी कि संप्रति नगर में केवल हिंदी महाविद्यालय में ही ऐच्छिक हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सी.बी.सी.एस. ऐच्छिक हिंदी पर भी लागू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गद्य फुलवारी, आषाढ का एक दिन (नाटक) तथा आश्रितों का विद्रोह (उपन्यास) नामक तीन पुस्तकें बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिये ऐच्छिक हिंदी के अंतर्गत निर्धारित की गई हैं तथा गत 5 वर्षों से पढाई जा रही हैं। उक्त पुस्तक-त्रय श्रेष्ठ एवं अप्रतिम है अत: उन्हीं को जारी रखा जाएगा किंतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अद्यतन नियमों और प्रस्तावों को दृष्टिगत रखकर प्रश्नपत्र का प्रारूप इस वर्ष से तदनुसार निर्मित किया जायेगा।

बैठक के सभी सदस्यों ने उक्त निर्णय का सर्वसम्मति से समर्थन किया। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष दो सेमेस्टर की परीक्षाएं लिखेंगे तथा प्रत्येक सेमेस्टर में 15 अंकों के दो इंटरनल असेसमेंट होंगे, जिनके औसत अंक निर्णायक परीक्षा के प्राप्तांकों में जोड़े जायेंगे। उक्त के साथ-साथ विद्यार्थियों को 5 अंकों का एक असाइनमेंट (गृहकार्य) भी दिया जाएगा, जिसके अंक भी विद्यार्थियों के उक्त प्राप्तांकों में युक्त होंगे। दोनों ही इंटरनल असेसमेंट लिखना अनिवार्य होगा। प्रत्येक सेमेस्टर की निर्णायक परीक्षा 80 अंकों की होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सप्ताह द्वितीय भाषा एवं ऐच्छिक हिंदी की अब से पाँच-पाँच कक्षाएँ होंगी तथा दोनों के 5-5 क्रेडिट्स रहेंगे। कम से कम 60 कक्षाओं में प्रत्येक विषय का पाठ्यक्रम पूर्ण किया जायेगा।

बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा इंटरनल असेसमेंट के लिये प्रस्तावित प्रश्न पत्र के प्रारूप को भी बिना किसी परिवर्तन के स्वीकार किया गया। डॉ. रजनीधारी ने बैठक के अंत में सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

Chairman
Board of Studies
Dr. Prabhakar Tripathi

OU Nominee
Professor Shubhada Vanjape

Member
Professor Sheela Mishra

Principal
Smt. Jyoti Hastak
Hindi Mahavidyalaya

Alumni
Dr. Sushama Dwivedi
Lecturer in Hindi
V.V. College

Scanned with OKEN Scanner